257

# यू0पी0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0
टी0सी0 46 V, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

## आदेश

निगम के निदेशक मण्डल की दिनॉक 17.09.2021 को सम्पन्न हुयी 171वीं बैठक में पारित संकल्प संख्या–171(25) के परिपालन में निगम के निदेशक मण्डल की दिनॉक 29 जून, 2016 को आयोजित बैठक में परियोजना प्रबन्धक(मानीटरिंग), अधीक्षण अभियन्ता (सिविल/विद्युत) तथा वरिष्ठ वास्तुविद के पदों पर प्रोन्नति हेतु निर्धारित अर्हता में आंशिक संशोधन करते हुए उक्त पदों हेतु निर्धारित अर्हता को निम्नानुसार संशोधित किये जाने पर स्वीकृति प्रदान की गयी है :–

| क0 सं0 | पदनाम | वर्तमान में निर्धारित अर्हता | संशोधित अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1– | अधीक्षण अभियंता(सिविल) | अधिशासी अभियंता के पद पर 04 वर्ष का अनुभव + सिविल इंजीनियरिंग में ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित शैक्षिक सत्र के अंतर्गत स्नातक उपाधिधारक। | अधिशासी अभियंता (सिविल) के पद पर 04 वर्ष का अनुभव। |
| 2– | अधीक्षण अभियंता(विद्युत) | अधिशासी अभियंता(विद्युत) के पद पर 04 वर्ष का अनुभव + विद्युत इंजीनियरिंग में ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित शैक्षिक सत्र के अंतर्गत स्नातक उपाधिधारक। | अधिशासी अभियंता (विद्युत) के पद पर 04 वर्ष का अनुभव। |
| 3– | वरिष्ठ वास्तुविद | वास्तुविद के पद पर 04 वर्ष का अनुभव + वास्तुकला में ख्याति प्राप्त विश्व विद्यालय/संस्था से नियमित शैक्षिक सत्र के अंतर्गत स्नातक उपाधिधारक। | वास्तुविद के पद पर 04 वर्ष का अनुभव। |

निदेशक मण्डल द्वारा प्रदान की गयी उपरोक्त स्वीकृति के परिप्रेक्ष्य में निगम की सेवा नियमावली के परिशिष्ट–"क" में तकनीकी संवर्ग(सिविल अभियन्त्रण) के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता(सिविल)/परियोजना प्रबन्धक(मानी0), तकनीकी संवर्ग(विद्युत अभियन्त्रण) के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता(विद्युत) तथा तकनीकी(वास्तुकला) के अर्न्तगत वरिष्ठ वास्तुविद पद पर प्रोन्नति हेतु निर्धारित अर्हता को उपरोक्तानुसार संशोधित किया जाता है।

उक्त स्तम्भ–4 में किया गया उक्त संशोधन दिनॉक 17.09.2021 से प्रभावी माना जायेगा।

शिव प्रसाद
प्रबन्ध निदेशक

दिनॉक- 20, अक्टूबर, 2021

संख्या-4744/1-1(10)/स्था0/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता, यू0पी0सिडको को स्वयं के तथा अधीनस्थ कार्मिकों के अवगतार्थ प्रेषित।
2- प्रभारी महाप्रबन्धक(निर्माण), यू0पी0 सिडको, मुख्यालय।
3- मुख्य अभियंता(पूर्व/मध्य/पश्चिम), यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
4- प्रभारी मुख्य अभियंता(विद्युत), यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
5- अधीक्षण अभियन्ता(डि0)/वास्तुविद, यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
6- कार्मिक प्रबन्धक, यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
7- प्रभारी वरिष्ठ लेखाधिकारी, यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
8- रिटेनर(कम्पनी/विधि), यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
9- प्रधान निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0सिडको, मुख्यालय।
10- कम्प्यूटर अनुरक्षक, यू0पी0सिडको, मुख्यालय को निगम की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
11- निगम मुख्यालय स्थित सूचना पट्ट पर निगम मुख्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के सूचनार्थ।

( शिव प्रसाद )
प्रबन्ध निदेशक